








## करहिया मंडी गेहूं खरीदी केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, बोरी का कराया तौल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने करहिया मंडी गेंहू उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने उपार्जित किये जा रहे गेंहू की बोरी का अपने सामने तौल कराया और गेंहू की गुणवत्ता को देखा.**

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जित गेंहू का तेजी से परिवहन करायें. उन्होंने कहा कि अब बड़े किसानों का गेंहू आ रहा है जिससे आवक ज्यादा हो रही है. अत: परिवहन को और तेजी से करायें. उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की. किसानों ने कलेक्टर को बताया कि खरीदी केन्द्र में सभी सुविधाएं की गई हैं. भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मंडी में कैन्टीन का टेण्डर कराकर उसका संचालन सुनिश्चित करायें. उन्होंने मंडी परिसर में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सफाई एजेंसी पर पांच हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर, महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय सहित अधिकारी उपस्थित रहे.

# शहर में संचालित अवैध डेरियां स्वच्छता में बन रहीं दाग

## नालियों और सड़कों पर गंदगी फेंक रहे संचालक, दुर्गंध से मोहल्ले के लोग परेशान, नहीं होती कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, शहर में भले ही नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. लेकिन शहर के अंदर संचालित अवैध डेरियां इस पर दाग लगा रही है. शहर के कई ऐसे मोहल्ले जहा संचालित अवैध डेरियां लोगो के लिये मुसीबत बन गई है. लेकिन इन डेरियों पर कार्यवाही न होने से स्वच्छता अभियान की भी खुलेआम धज्जियां उड़ रही है.**



ज्ञात हो कि शहर के अंदर कई ऐसे मोहल्ले है जहा अवैध रूप से डेरियां संचालित हो रही है. लेकिन इन डेरियों पर कार्यवाही नही की जा रही है. शहर के बिछिया, घोघर, पचमठा, अमहिया, बजरंग नगर, चिरहुला, पुष्पराज नगर सहित कई ऐसे मोहल्ले है जहा घनी आबादी होने के बाद भी अवैध डेरियों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है. लेकिन इन पर कार्यवाही कर रोक नही लगाई जा रही है. यह अवैध डेरियां ही स्वच्छता में सबसे बड़ दाग बन रही है. इन डेरियों के संचालक यहां से निकलने वाली गदंगी को नालियों में फेक रहे है या तो आसपास डम्प कर रहे है. जिसकी दुर्गंध और गंदगी से मोहल्ले को लोगो का जीना मुश्किल हो रहा है. यही नही संचालक सड़को पर अपने मवेशी बांध देते है जिसकी वजह से गंदगी के साथ लोगो का निकलना मुश्किल हो जाता है. ऐसा नही है कि इन अवैध डेरियों की जानकारी वार्ड के सफाई दरोगा या कर्मचारियों को नही है. लेकिन इसके बाद भी नगर निगम के अधिकारी इन अवैध डेरियों को हटाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे है. जिसके चलते डेयरी संचालको की मनमानी और बढ़ती जा रही है. डेयरी संचालक अपने मवेशियों को सड़को पर बांध देते है जिनके द्वारा लोगो पर हमले भी किये जाते है और जब लोग इसका विरोध करते है तो वह विवाद में उतारू हो जाते है. अधिकारियों को चाहिये कि वार्ड दरोगा और सफाई कर्मचारियों से इन अवैध डेरियों की जानकारी लेकर इन पर कार्यवाही की जाय और उन्हे शहर से बाहर किया जाय. जब तक इन अवैध डेरियों पर कार्यवाही नही होगी स्वच्छता अभियान में गन्दगी बनी ही रहेगी.

### खानापूर्ति तक सीमित कार्यवाही

नगर निगम द्वारा कुछ माह पहले शहर के अंदर संचालित दो-चार डेरियों पर कार्यवाही कर खानापूर्ति कर ली गई. उसके बाद से यह कार्यवाही पूरी तरह से बंद है. जबकि शहर के अंदर आधा सैकड़ा से अधिक अवैध डेरियां संचालित हो रही है और इनके द्वारा बेतहाशा गंदगी फैलाई जा रही है. लेकिन नगर निगम के अधिकारी पूरी तरह से आंख बंद कर बैठ गये है. जबकि इनको चाहिये कि अवैध डेरियों की जांच कर इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय और इन्हे शहर से बाहर भेजा जाय. लेकिन कार्यवाही न होने से मोहल्ले के लोगो का रहना मुश्किल हो रहा है.

### पोस्ट मैट्रिक पिछड़ावर्ग कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने पोस्ट मैट्रिक पिछड़ावर्ग कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद करते हुए छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली. कलेक्टर को अचानक अपने बीच पाकर छात्रायें हतप्रभ रह गयीं. छात्राओं ने कलेक्टर से शौचालय में सुधार कार्य कराने, पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा खिड़कियों में जाली लगाने की मांग की. कलेक्टर ने अधिकारी को तत्काल व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये.

## वृद्धाश्रम पहुंचे कलेक्टर आत्मीय भाव से वृद्धजनों से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बृद्धाश्रम में बृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात की. उन्होंने कहा कि मैं आप सबका आशिर्वाद लेने आया हूं.**

बृद्धाश्रम की माताओं ने कलेक्टर को स्नेहिल भाव से आशीष दिया. इस अवसर पर कलेक्टर ने बृद्धाश्रम में निवासरत माताओं व बृद्धजनों से संवाद करते हुए बृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली. बृद्धाश्रम की माताओं ने आत्मीय भाव से कलेक्टर से अपने नाती-पोतों के लिये कहीं भी नौकरी या व्यवसाय की व्यवस्था कराने की बात कही. कलेक्टर ने कहा कि आप बृद्धाश्रम में रहकर भी अपने परिजनों के हित की ही बात सोच रही हैं. उन्होंने आश्वस्त किया कि पीएम स्वनिधि या अन्य किसी योजना से आर्थिक मदद के तौर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा ताकि वह अपने पैरों पर खड़े हो सकें. बृद्धाश्रम की माता शैल ने बताया कि वह यहां रहकर सिलाई का प्रशिक्षण देती हैं.

कलेक्टर ने लाइब्रोरी और फिजिओ सेंटर का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि मैं आप सबका आशिर्वाद लेने बृद्धाश्रम आता रहूंगा. इस अवसर पर चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने बृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी और कलेक्टर को बृद्धाश्रम का भ्रमण कराया. इस दौरान संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन उपस्थित रही.

## उप मुख्यमंत्री का भ्रमण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 8 मई को सुबह 8.30 बजे रीवा से देवलोंद के लिए प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 10 बजे जिला प्रबंध समिति की बैठक में शामिल होंगे.**

श्री शुक्ल सुबह 11 बजे बाणसागर सर्किट हाउस में शहडोल जिले की जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेगे तदुपरांत अपरान्ह 1.30 बजे रीवा आयेंगे. रीवा से अपरान्ह 2.30 बजे बनारस एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे तथा रात्रि 8.30 बजे बनारस से वायुयान द्वारा कोलकाता जायेंगे. 9 मई को कोलकाता में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे तथा रात 7.15 बजे कोलकाता से वायुयान द्वारा रवाना होकर रात 9.40 बजे दिल्ली पहुंचेगे और मध्य प्रदेश भवन में रात्रि विश्राम करेंगे.

### संक्षिप्त

#### मऊगंज में 86592.61 क्विंटल गेहूं उपार्जित

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में गेहूं खरीदी का कार्य प्रक्रियाधीन है. जिले में उपार्जन के लिए 26 उपार्जन केन्द्रो में उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है. अभी तक 2490 किसानों से 86592.61 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है. अन्य सभी उपार्जन केन्द्रो पर कार्य प्रारंभ है. जिले में अभी तक 5296 किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुकिंग की गई है.

#### घर गिराने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**हनुमना,** मामला हनुमना तहसील के कोलहा गांव का है जहां मलैया हरिजन मध्य प्रदेश शासन की जमीन पर कई वर्षों से कच्चा मकान बनाकर परिवार के साथ गुजारा कर रहा था. उक्त स्थल पर कोई सरकारी भवन नही है और न ही नव निर्माण की कोई रूपरेखा नहीं है. इसके बावजूद हनुमना प्रशासन द्वारा उसका तीन कमरे का कच्चा पुश्तैनी मकान गिरा दिया गया. इस गर्मी और आगामी बरसात के सीजन में उसे रहने के लिए अब कोई छायादार मकान नहीं है. जिसके विरोध में दर्जन भर ग्राम निवासी एवं साकेत परिवार कलेक्टर मऊगंज को आवेदन देकर उक्त पीड़ित को न्याय दिलाने के साथ छायादार मकान की व्यवस्था या नव निर्मित मकान की स्वीकृति के संबंध में आवेदन दिया है.

#### संत रविदास योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

रीवा, वित्तीय वर्ष 2026-27 में संत रविदास स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों से आवदेन पत्र आमंत्रित किये गये हैं. आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष के वीच हो, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता न्युनतम 8वीं उत्तीर्ण हो आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो. वह जिले का निवासी हो एवं जाति तथा निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये. आवेदक एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे- एग्रो, प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज एवं मिल्क प्रोसेसिंग इसी प्रकृति की अन्य परियोजनाएँ एवं सेवा इकाई एवं खुदरा व्यवसाय, जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपडा व्यवसाय हेतु परियोजना राशि एक लाख रूपये से 25 लाख रूपये तक प्रावधान है.



#### मऊगंज कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने निर्माणाधीन वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष का निरीक्षण किया तथा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली. कलेक्टर ने जनगणना प्रभारी से जनगणना कार्य की अद्यतन जानकारी लेते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये.

#### आर्थिक कल्याण योजना अन्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**रीवा,** जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अन्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से आवदेन पत्र आमंत्रित किये गये हैं. आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के वीच हो, आवेदक आयकर दाता न हो, जिले का निवासी हो एवं जाति तथा निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये. आवेदक स्वरोजगार परियोजनाएँ हेतु दस हजार से एक लाख तक का ऋण हेतु आवेदन कर सकते है. कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास ने बताया कि इस ऋण पर शासन द्वारा ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं म.प्र. शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी. इच्छुक आवेदक एसएएमएसटी डाट एमपीआनलाइन डाट जीओव्ही डाट इन पोर्टल से आवेदन कर सकते है.




समीक्षा बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते कमिश्नर बीएस जामोद

## एनएसयूआई ने छात्रों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, एनएसयूआई ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य को विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया.**



ज्ञापन में बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के संबल कार्ड कोड जनरेट न होने तथा छात्रवृत्ति राशि नहीं मिलने की समस्या प्रमुख रूप से उठाई गई. पंकज उपाध्याय ने बताया कि संबल कार्ड का कोड जनरेट न होने के कारण विद्यार्थियों को एकमुश्त 25 हजार से अधिक की फीस जमा करनी पड़ रही है. अधिकांश छात्र मध्यमवर्गीय एवं किसान परिवार से संबंध रखते हैं, जिसके चलते उनके लिए इतनी बड़ी राशि एक साथ जमा करना मुश्किल हो रहा है. इसके साथ ही छात्रवृत्ति के नाम पर विद्यार्थियों से पूर्ण शुल्क जमा करवाया जाता है और यह आश्वासन दिया जाता है कि सत्र समाप्ति के बाद राशि छात्रवृत्ति के रूप में वापस कर दी जाएगी, लेकिन विगत कई वर्षों से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि प्राप्त नहीं हो सकी है. इसके अलावा अन्य मांगे ज्ञापन में शामिल रही. ज्ञापन सौंपने में जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी, अजय सिंह, विशू वर्धन सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे.

## भवन निर्माण के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरा कराएं : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग पीआईयू द्वारा संभाग में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई.**

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि भवन निर्माण के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरे कराये जाय. उन्होंने संभाग अन्तर्गत स्वीकृत 30 सांदीपनि विद्यालयों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कार्यों को तत्परता के साथ जून माह तक पूर्ण करा लें ताकि नवीन शिक्षण सत्र से भवन में विद्यालय संचालित होने लगे. उन्होंने कहा कि जहां भी कुछ बाधायें आ रही है उनका समन्वय बनाकर निराकरण सुनिश्चित करें. कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों में अंडरग्राउंड वाटर टैंक का निर्माण अवश्य करायें ताकि जल जीवन मिशन द्वारा कराये जा रहे कार्य से विद्यालय में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्यों का लगातार भ्रमण कर निरीक्षण करें तथा कार्यों की गुणवत्ता को देखें और समय-समय पर टेधस्टग लैब में गुणवत्ता परीक्षण भी करायें. इस अवसर पर बताया गया कि मेडिकल कालेज रीवा में निर्माणाधीन पीजी छात्रावास का निर्माण कार्य जुलाई तक पूर्ण करा लिया जायेगा. इसी प्रकार पुर्नघनत्वीकरण योजना से रीवा मेडिकल कैंपस में निर्माणाधीन आवासों का भी निर्माण कार्य भी जून तक पूर्ण कर लिया जायेगा. शासकीय ई-टाइप के आवास अगस्त माह तक पूर्ण करा लिये जायेंगे. इस दौरान संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता लोक निर्माण (भवन) एस.सी. वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

## भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 मई, भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए गठबन्धन की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपलक्ष्य मे हनुमना नगर के भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर विजय उत्सव मनाया गया.**

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थको ने एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रेषित कर उत्साहपूर्वक विजय का जश्न मनाया गया. नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, वीरेंद्र बहादुर सिंह, रामानंद पटेल नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर, ज्योति गुप्ता, सुमित गुप्ता, रोहित केशरी मंडल उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, पन्नालाल शुक्ला, लवकुश गुप्ता, अंजनी लाल गुप्ता, देवराज जायसवाल, विशाल गुप्ता, पवन पाल, अभय विशाल गुप्ता आदि कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया.

## स्वर्ण जयंती महामहोत्सव आज से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, प्रेममूर्ति पंचरसाचार्य स्वामी रामहर्षणदेवाचार्य महाराज द्वारा स्थापित आचार्यपीठ पोडीधाम में अनेक धार्मिक आयोजन धूमधाम से संपन्न होंगे.**

इस अवसर पर सरकार के कृपापात्र श्रीमद जगदगुरू रामानन्दाचार्य बल्लभाचार्य महाराज का 50 वां जन्मोत्सव स्वर्ण जयंती के रूप में मनाया जायेगा. आगामी 08 मई को आकर्षक विशाल कलशयात्रा होगी एवं 09 मई से आचार्य महायज्ञ, रामार्चा महायज्ञ, गुरू अर्चा, श्रीमद भागवत तथा रात्रि में वृंदावन की प्रसिद्ध मण्डली द्वारा रासलीला होगी. उक्त महोत्सव अंतराष्ट्रीय ओजस्वी वक्ता वैष्णव संप्रदाय के कुलभूषण श्रीमदजगदगुरू रामानन्दाचार्य श्री श्री 1008 श्री श्री वल्लभाचार्य जी महाराज रामहर्षण मैथिल सख्य पीठाधीश्वर के कृपा आशीर्वाद में संपन्न होगा. उत्सव की तैयारियां पूर्णता की ओर है. सभी से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है.

## ग्राम गौरी में जनगणना कार्य का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 मई, जिले के ग्राम गौरी में संचालित जनगणना कार्य का निरीक्षण अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी पीके पांडेय द्वारा किया गया.**



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जनगणना कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने प्रगणकों का कार्य देखा तथा आवश्यक निर्देश दिये. निरीक्षण के समय क्षेत्र में कार्यरत प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स उपस्थित मिले, जिनसे अधिकारियों ने प्रत्यक्ष संवाद कर कार्य की स्थिति की जानकारी ली. अधिकारियों ने संकलित की जा रही सूचनाओं की शुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवार से जानकारी सावधानीपूर्वक एवं सत्यापन के साथ दर्ज की जाए.


**लापरवाही बरतने पर दो शिक्षक निलंबित**-कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर दो शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. माध्यमिक शाला देवरिहनगांव के शिक्षक कुंजबिहारी साकेत एवं प्राथमिक शिक्षक परसिया रविशंकर मिश्रा को कलेक्टर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी जनगणना नईगढ़ी नियत किया गया है.

## लोगों की जिंदगी को जोखिम में डाल रहे झोलाछाप डॉक्टर, वसूल रहे मनमानी फीस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 मई, शहर सहित जिले भर में इस समय झोलाछाप डाक्टरो की बाढ़ सी आ गई है.**

यह झोलाछाप डाक्टर मरीजो को अपनी बातों में फसाकर उनका इलाज कर रहे है और मोटी रकम वसूल रहे है. लेकिन इन पर कार्यवाही नही हो रही है. अगर इनकी जांच कर कार्यवाही की जाय तो कई क्लीनिको और मेडिकल स्टोरो में ताला लग जाय. शहर के अंदर कई ऐसे फर्जी डाक्टर अपनी क्लीनिक चला रहे है जिनके पास डिग्री तक नही है. कुछ तो ऐसे है जो डाक्टरो के यहा कम्पाउंडर या हेल्पर थे, लेकिन अब वह खुद की क्लीनिक खोल कर लोगो का उपचार कर रहे है. इनके द्वारा जहा लोगो से मनमानी फीस वसूली जाती है तो वही जिंदगी से



खिलवाड़ भी किया जा रहा है. लेकिन कार्यवाही न होने के चलते इनके हौंसले बुलंद है. शहर के अंदर ही अगर जांच की जाय तो आधा सैकड़ा से अधिक ऐसी क्लीनिक मिल जाएगी जो अवैध रूप से संचालित हो रही है. कुछ तो ऐसी क्लीनिक है जहा पर्चा तो दूसरे डाक्टर का लगा है लेकिन उनके कर्मचारी इलाज के साथ दवाईयां दे रहे है.

लेकिन कार्यवाही न होने से इनके हौंसले बुलंद है और यह खुलेआम लोगो की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है. कई बार तो ऐसा भी होता है कि जब इन झोलाछाप डक्टरो की दवा से मरीज की जान पर बन आती है तो वह अपने सेटिंग के डाक्टरों के यहा दिखाने को बोल देते है और किसी तरह अपना बचाव कर लेते है. अगर विभाग सही तरीके से जांच करते तो शहर के अंदर मोहल्लो में ही कई ऐसी क्लीनिक मिल जाएगी.

## कमिश्नर की अध्यक्षता में बैठकें आज

**रीवा, 7 मई,** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 8 मई को कमिश्नर कार्यालय सभागार में विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है. सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा एनएचएआई द्वारा बनायी जा रही सड़कों की समीक्षा की